दिनांक–24.10.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति के बीच हुई वार्ता। रूस में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री स्वदेश पहुंचे।
- रीवा कॉन्क्लेव में 31 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त।
- राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान में कल 14 शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित।
- भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच आज से पूणे में।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**प्रधानमंत्री चीन राष्ट्रपति**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद कल रात नई दिल्ली लौट आए। अपनी यात्रा के दौरान श्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बैठक में प्रधानमंत्री ने भारत और चीन के बीच विवादों और मतभेदों को उचित ढंग से सुलझाने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि इनसे शांति और सद्भावना में बाधा नहीं पहुंचनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "सीमा पार पिछले 4 वर्षों में उत्पन्न हुए मुद्दों पर बनी सहमति का हम स्वागत करते हैं।

इससे पहले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कजान घोषणा को स्वीकार किया जिसमें संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों की जरूरत पर जोर दिया गया है।

**रीवा कॉन्क्लेव**

रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 31 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे, 28 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इस कॉन्क्लेव में 2680 करोड़ रूपये की 21 इकाईयों का लोकार्पण और भूमि–पूजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रृंखलाबद्ध आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश के विकास का यज्ञ है। रीवा संभाग में उद्योगों को प्रोत्साहित करने और एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कटनी और सिंगरौली में इनलेंड कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। यहां मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क भी विकसित होंगे। मऊगंज और मैहर में एमएसएमई का नया इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जाएगा।

**बाईट– मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में 66 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आईटी पार्क का वर्चुअल भूमि–पूजन किया। इसी प्रकार छोटे एवं मध्यम उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए पटेरा और नया गांव में 29 करोड़ रुपए की लागत के नवीन औद्योगिक क्षेत्र और चुरहट इलेक्ट्रिक सब–स्टेशन का भी वर्चुअल भूमि–पूजन किया। मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन–टू–वन बैठक कर प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश के नए अवसरों पर चर्चा भी की।

**राजनाथ–चाणक्य**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में, अंतरराष्ट्रीय सेमिनार चाणक्य रक्षा संवाद के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्री इस दौरान भारतीय सेना की ग्रीन पहल और एआई के डिजीटलीकरण के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। श्री राजनाथ विकास और सुरक्षा पर भारत के दृष्टिकोण पर संबोधन देंगे, जिसमें 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य में सुरक्षा के महत्व का उल्लेख होगा। थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी भी आत्मनिर्भर भारत से जुडी पहलो सहित राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के महत्वपूर्ण योगदान पर संबोधन देंगे।

**प्रधानमंत्री – मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी।

श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव 25 अक्तूबर तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर किया जाएगा।

**शिक्षक सम्मान**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस वर्ष के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से 14 शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कल भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विगत वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2023 के पुरस्कृत 2 शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। राज्य स्तरीय सम्मान से विभूषित सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में निःशुल्क गणवेश योजना अंतर्गत प्रदेश के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 54 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में करीब 324 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जायेगी।

**पीएमबीजेपी–उपलब्धि**

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना–पीएमबीजेपी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके अन्तर्गत चालू वित्त वर्ष में 20 अक्तूबर तक 1,000 करोड़ रुपये की जनऔषधि दवाओं की बिक्री हुई है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि यह उपलब्धि उल्लेखनीय है। क्योंकि इसे पिछले वर्ष के मुकाबले दो महीने पहले हासिल कर लिया गया है। देश में 14 हजार से ज्याद जनऔषधि केन्द्र हैं। पीएमबीजेपी को नवम्बर 2016 में शुरू किया गया था।

**चक्रवात–दाना**

पूर्व–मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना भीषण चक्रवात दाना आज देर रात या कल तड़के भीतरकनिका और धामरा के बीच ओडिशा तट से टकराएगा। मौसम विभाग ने इस क्षेत्र में दाना के टकराने के दौरान सौ से एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है।

**आकाशवाणी–पूर्व महानिदेश निधन**

आकाशवाणी समाचार के पूर्व महानिदेशक पी.के. बंद्योपाध्याय का कल कोलकाता में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी श्री बंद्योपाध्याय का आकाशवाणी समाचार, प्रेस सूचना ब्यूरो सहित सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न मीडिया इकाइयों में एक लंबा और उत्कृष्ट करियर रहा।

**नवकरणीय ऊर्जा**

प्रदेश में पिछले 12 वर्षों में कुल नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से स्थापित क्षमता बढ़कर लगभग 7 हजार मेगावॉट हो गयी है। राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा का अंश बढ़कर लगभग 21 प्रतिशत हो गया है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2012 में नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से स्थापित संयंत्रों की क्षमता 500 मेगावॉट से भी कम थी। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा से संयंत्रों की स्थापित क्षमता को 20 हजार मेगावॉट तक बढ़ायेंगे। इसके लिए सरकार ने 21 अक्टूबर, को 300–300 मेगावॉट क्षमता की सोलर पार्क परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति जिला धार एवं सागर के लिये प्रदान की है। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में किसानों को भी ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कुसुम–'अ' एवं कुसुम–'स' के माध्यम से अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का कार्य भी पूर्ण तत्परता से किया जा रहा हैं।

**भारत–न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट**

क्रिकेट में, भारत और न्यूजीलैंड आज पुणे में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में सुबह साढ़े नौ बजे आमने सामने होंगे।

पहले टेस्ट में, न्यूजीलैंड ने भारत पर ऐतिहासिक जीत हासिल की, जो 1988 के बाद भारत में उनकी पहली टेस्ट जीत थी और भारत की धरती पर 37 मैचों में उनकी तीसरी जीत थी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- भोपाल के रविन्द्र भवन में चल रही रामलीला का आज समापन होगा। 18 अक्टूबर से जारी इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है।
- खण्डवा में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कल अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।
- धार में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कल जिला मुख्यालय स्थित शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में वृद्धावस्था से संबंधित रोगों और उनकी रोकथाम पर केंद्रित एक स्वास्थ्य शिविर एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- पन्ना मे उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि महाविद्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत युवा संवाद का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में मिलावट के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में दीपावली सहित अन्य त्यौहारों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त टीम बनाकर विभिन्न खानपान की दुकानों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है।

……………………………